मासिक धर्म स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये मध्य प्रदेश की पहल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (United Nations International Children's Emergency Fund- UNICEF) की भारत इकाई ने राज्य में किशोरों के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये **मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की पहल की प्रशंसा** की।

प्रमुख बिंदु:

- एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने **स्वच्छता एवं सफाई के लिये** 'समग्र शिक्षा' कार्यक्रम के तहत **19 लाख विद्यार्थीओं के खातों में 57.18 करोड़ रुपए की सामूहिक राशि** हस्तांतरित की।
- स्वच्छता एवं स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत **कक्षा 7 से 12 तक की विद्यार्थीओं को सैनिटरी नैपकिन** के लिये धनराशि हस्तांतरित की गई है।
- स्कूल और कॉलेज की लड़कियों को भी स्वच्छता के महत्व और इसके उपायों के बारे में शिक्षित किया जा रहा है।

समग्र शिक्षा योजना

- इसे **वर्ष 2018 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा लॉन्च** किया गया था।
- यह **स्कूली शिक्षा के लिये एक एकीकृत योजना** है, जो **प्री-स्कूल से लेकर कक्षा 12 तक** के संपूर्ण दायरे को कवर करती है।
- इसका उद्देश्य समावेशी, समतापूर्ण और किफायती स्कूली शिक्षा प्रदान करना है।
- इसमें सर्व शिक्षा अभियान (SSA), **राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) और शिक्षक शिक्षा (TE)** की तीन योजनाओं को शामिल किया गया है।
- It is being implemented as a centrally sponsored scheme
  - इसमें केन्द्र और अधिकांश राज्यों के बीच वित्तपोषण का अनुपात 60:40 है।

संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (United Nations International Children's Emergency Fund- UNICEF)

- UNICEF की **स्थापना वर्ष 1946 में** द्वितीय विश्व युद्ध से प्रभावित बच्चों की मदद के लिये **संयुक्त राष्ट्र राहत पुनर्वास प्रशासन** द्वारा **अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (ICEF)** के रूप में की गई थी।
- **वर्ष 1953 में** UNICEF **संयुक्त राष्ट्र का स्थायी भाग** बन गया।
- **संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इसे बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा की वकालत करने**, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद करने तथा उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिये उनके अवसरों का विस्तार करने का अधिदेश दिया गया है।
- UNICEF **बाल अधिकार कन्वेंशन, 1989** द्वारा निर्देशित है।
  - यह बच्चों के अधिकारों को **स्थायी नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार** के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है।
- **वर्ष 1965 में "राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने" के लिये शांति के लिये नोबेल पुरस्कार से सम्मानित** किया गया।
- **मुख्यालय:** न्यूयॉर्क शहर

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/initiatives-of-madhya-pradesh-for-promoting-menstrual-health